हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार 25 जुलाई 2026


तापमान

अधिकतम 32.2°c

न्यूनतम 27.4°c

**शहर में आज**

- अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन चौधरी बंसीलाल स्टेडियम में सुबह 9 बजे
- ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन वैश्य कॉलेज में सुबह 9 बजे
- कांग्रेस का रोष प्रदर्शन सायं 4 बजे कांग्रेस भवन के सामने


लाईफ केयर अस्पताल
नजदीक कैलाश आश्रम, मॉडल टाऊन, रोहतक
हृदय रोग जागरूकता सप्ताह
अपने Heart का फ्री Checkup आज ही करवाइए...
कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा फ्री OPD
Early Detection Can Save Your Life
23 July to 31 July 2026 | 11:00 am to 03:00 pm
सेकंड ओपिनियन फ्री
डॉ. राजेश जाले के अनुसार, यदि कोई भी मरीज अपनी किसी भी बीमारी के उपचार संबंधी 2nd Opinion लेना चाहता है, तो लाइफ केयर हॉस्पिटल में यह सुविधा 100% निःशुल्क उपलब्ध है।
हृदय रोग विभाग (कार्डियोलॉजी) Dr. Hitender Kaushik MBBS, MD (Medicine), DM (Cardiology) Consultant Interventional Cardiologist
जनरल मेडिसिन विभाग Dr. Saurabh Prakash MBBS (Hons.) DNB (General Medicine) Consultant General Medicine & diabetologist
क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट Dr. Abhishek Kumar MBBS, DA, DNB CCU & ICU Specialist
Helpline: 9254392542 9350509292
PACKAGE 01 BASIC HEART CHECKUP PACKAGE: ECG, 2D ECHO, Hemoglobin (Hb), Lipid Profile, R.B.S., HbA1c, Consultation — ₹3500 only ₹2,000
PACKAGE 02 ADVANCED HEART CHECKUP PACKAGE: ECG, 2D ECHO, TMT (Stress Test), Lipid Profile, R.B.S., HbA1c, Consultation, KFT — ₹6000 only ₹3,500
HARYANA GOVERNMENT PANEL | AYUSHMAN BHARAT PANEL | ECHS PANEL | ALL PRIVATE TPA PANEL


## खबर संक्षेप

### दवा लेने आए युवक को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर

**रोहतक।** ऑस्कर अस्पताल के पास दवा लेने कार से उतरे युवक को स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सोनीपत के बुटाना निवासी आकाश कुंडू ने बताया कि वह रात 12:30 बजे मेडिकल स्टोर से दवा लेने कार से उतरा था। तभी पीछे से आई काली स्कॉर्पियो, जिसे नितिन मलिक चला रहा था, ने उसे टक्कर मार दी। उसके दोस्त ऋषि ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पीजीआई थाना पुलिस ने चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### सोते युवक पर फरसे से हमले में दो गिरफ्तार

**रोहतक।** कलानौर में युवक पर जानलेवा हमले के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कलानौर निवासी जयभगवान ने शिकायत दी थी कि 17 जुलाई की रात को वह घर के सामने गली में सो रहा था। तभी शोर सुनकर उसकी आंख खुली तो देखा कि नीरज, मोनू और जोनी नशे में झगड़ा कर रहे थे। उसने उन्हें झगड़ा करने से रोका तो तीनों उससे ही लड़ने लगे और नीरज ने फरसे से उस पर हमला कर दिया। जांच के दौरान एसआई जोगेंद्र ने 22 जुलाई को सुवाना निवासी नीरज व वेदप्रकाश हाल किरायेदार कलानौर को गिरफ्तार कर लिया।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**रोहतक।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस वर्ष बहादुरी, खेलकूद, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला एवं संस्कृति क्षेत्र में उपलब्धि वाले 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 25 बच्चों का चयन किया जाएगा, जिन्हें जनवरी 2027 में राष्ट्रपति सम्मानित करेंगे। डीसी सचिन गुप्ता ने बताया कि पुरस्कारों की घोषणा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस पर होगी।

### बहादुरगढ़ के लिए निकली महिला लापता, केस दर्ज

**रोहतक।** दिल्ली बाइपास क्षेत्र से एक महिला लापता हो गई। थाना अर्बन एस्टेट में दी शिकायत में तेज कॉलोनी के अजय ने बताया कि उसकी मां बाला देवी सेक्टर-2 स्थित पार्क में सफाई कर्मचारी है। 20 जुलाई को दोपहर 3 बजे वह भतीजे शिवा के साथ बहादुरगढ़ के लिए निकली थीं। दिल्ली बाइपास पर उसने शिवा को बस में बैठा दिया, लेकिन खुद देर शाम तक घर नहीं पहुंची और फोन भी बंद मिला तो उसने पुलिस को सूचना दी।

## 8.50 लाख में से 6.90 लाख वोटर्स का डाटा ऑनलाइन

# जिले में 1.59 लाख मतदाता प्रारूप सूची से बाहर

■ दावे-आपत्ति के दौरान फिर जुड़ सकेंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रोहतक जिले में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के पहले चरण में 8,50,304 में से 1,59,552 मतदाताओं का सत्यापन नहीं हो पाया है। इसके चलते ये मतदाता प्रारूप मतदाता सूची से बाहर हो गए हैं। यह संख्या जिले के कुल मतदाताओं का 18.76 प्रतिशत है। वहीं 6,90,752 मतदाताओं का सत्यापन कर उनका डाटा ऑनलाइन अपलोड किया जा चुका है, जो कुल मतदाताओं का 81.24 प्रतिशत है। मतदाता सत्यापन के लिए लगाए गए 831 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने शुक्रवार को प्रथम चरण की जांच पूरी कर रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंप दी है।

### घर-घर जाकर किया सत्यापन

बीएलओ ने घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया। जिन मतदाताओं से संपर्क नहीं हो पाया, उनमें ऐसे लोग शामिल हो सकते हैं जिनका निधन हो चुका है, जो अपना निवास स्थान बदलकर दूसरे स्थान पर चले गए हैं या जिन्होंने इसकी जानकारी निर्वाचन विभाग को नहीं दी है। इसके अलावा कुछ लोग लंबे समय से घर से बाहर रहने के कारण भी सत्यापन के दौरान नहीं मिल पाए। हालांकि अंतिम रूप से नाम हटाने का निर्णय दावा और आपत्ति की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लिया जाएगा। शुक्रवार गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) जमा करने की अंतिम तिथि थी। अब निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद जिन मतदाताओं का नाम सूची में नहीं होगा, उन्हें दावा-आपत्ति का अवसर मिलेगा। पात्र मतदाता आवेदन कर अपना नाम दोबारा मतदाता सूची में शामिल करा सकेंगे।

### पात्र मिलने पर अंतिम सूची में शामिल होगा छूटे मतदाताओं का नाम

निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार जिन मतदाताओं का नाम प्रारूप सूची में नहीं आएगा, उन्हें फॉर्म-6 भरकर निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के पास आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ मतदाता को अपनी पहचान और निवास का प्रमाण देना होगा। दस्तावेजों की जांच के बाद पात्र पाए जाने पर नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल किया जा सकेगा।

### नाम सूची में नहीं है तो ये करें

प्रारूप मतदाता सूची में नाम जांचने के बाद यदि नाम नहीं मिलता है तो फॉर्म-6 भरकर आवेदन करें। आवेदन बीएलओ या निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) कार्यालय में जमा किया जा सकता है। इसके साथ पहचान और निवास संबंधी दस्तावेज लगाने होंगे। जांच के बाद पात्र पाए जाने पर मतदाता का नाम दोबारा जोड़ा जाएगा। इसके लिए मतदाता को अपनी पात्रता साबित करने के लिए आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, दसवीं या अन्य शैक्षणिक प्रमाण पत्र, सरकारी पहचान पत्र, बिजली-पानी या गैस बिल, बैंक पासबुक अथवा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य वैध दस्तावेज देने पड़ सकते हैं।

### जिले में 831 बीएलओ ने पूरा किया सत्यापन का कार्य

जिले में कुल 8,50,304 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें से 6,90,752 मतदाताओं का सत्यापन कर डाटा ऑनलाइन अपलोड किया गया है, जो 81.24 प्रतिशत है। वहीं 1,59,552 मतदाताओं का सत्यापन नहीं हो सका, जो 18.76 प्रतिशत है। सत्यापन का काम 831 बीएलओ ने पूरा किया। निर्वाचन कार्यालय का कहना है कि अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना है। जो पात्र मतदाता पहले चरण में सत्यापन से छूट गए हैं, वे दावा-आपत्ति प्रक्रिया के दौरान आवश्यक दस्तावेज देकर अपना नाम सूची में शामिल करा सकते हैं।

## कुछ दिन मीठी बातें... फिर वीडियो कॉल... और आपकी निजी तस्वीरें साइबर शिकारियों के हाथ में

# डिजिटल यारी जेब पर भारी

## सात माह में फ्रेंड रिक्वेस्ट से ठगने के 30 केस दर्ज 29 लाख रुपये गंवाए

■ धमकी और ब्लैकमेल करने के 16 मामले भी किए गए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अलग खबर

एक फ्रेंड रिक्वेस्ट... कुछ दिनों की मीठी बातचीत... फिर एक वीडियो कॉल... और देखते ही देखते आपकी निजी तस्वीरें या वीडियो किसी अनजान साइबर अपराधी के हाथ में। इसके बाद शुरू होता है धमकियों, ब्लैकमेलिंग और पैसों की मांग का ऐसा सिलसिला, जो कई लोगों की जिंदगी बर्बाद कर देता है।

बता दें कि सोशल मीडिया ने लोगों के बीच दूरियां कम की हैं, लेकिन साइबर अपराधियों के लिए यह सबसे आसान शिकारगाह भी बन गया है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर दोस्ती करना, विश्वास जीतना और फिर ब्लैकमेल कर ठगी करना तेजी से बढ़ रहा है। पिछले सात महीनों में ही फ्रेंड रिक्वेस्ट के जरिए ठगी के 30 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें पीड़ितों से करीब 29 लाख रुपये ठगे गए। वहीं धमकी देकर ब्लैकमेल करने के 16 मामले भी दर्ज किए गए हैं।



एआई जेनरेटेड

### आकर्षक फोटो व फर्जी पहचान रखते हैं अपराधी

साइबर अपराधी आकर्षक फोटो और फर्जी पहचान के साथ सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं। वे खुद को मॉडल, डॉक्टर, सेना का अधिकारी, एनआरआई, बिजनेसमैन या किसी प्रतिष्ठित कंपनी का कर्मचारी बताकर लोगों से दोस्ती करते हैं। कई बार महिला बनकर युवाओं को अपने जाल में फंसाया जाता है। कुछ दिनों तक सामान्य बातचीत कर भरोसा जीतने के बाद अपराधी निजी फोटो, वीडियो या वीडियो कॉल के लिए उकसाते हैं।

### वायरल की धमकी दे मांगते हैं मोटी रकम

वीडियो कॉल के दौरान अपराधी स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर लेते हैं। बाद में उसी रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया पर वायरल करने या परिवार व परिचितों को भेजने की धमकी देकर मोटी रकम की मांग की जाती है। इस तरह के अपराध को सेक्सटॉर्शन कहा जाता है। सामाजिक बदनामी के डर से कई लोग शिकायत करने के बजाय पैसे दे देते हैं, जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता है।

### डीपफेक से बढ़ी चुनौती

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में अब केवल असली वीडियो ही नहीं, बल्कि फोटो से नकली अश्लील वीडियो तैयार कर भी लोगों को ब्लैकमेल किया जा रहा है। डीपफेक तकनीक ने साइबर अपराध की चुनौती को और गंभीर बना दिया है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, टेलीग्राम और डेटिंग ऐप्स पर फर्जी अकाउंट बनाकर अपराधी एक साथ सैकड़ों लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट और मैसेज भेजते हैं। जो व्यक्ति जवाब देता है, उसे धीरे-धीरे भरोसे में लेकर ब्लैकमेलिंग की साजिश शुरू कर दी जाती है।

### युवा, महिलाएं और छात्र सबसे ज्यादा निशाने पर

कॉलेज छात्र, नौकरी की तलाश कर रहे युवा, महिलाएं, किशोरियां और सोशल मीडिया पर अधिक सक्रिय लोग अपराधियों के आसान शिकार बन रहे हैं। नौकरी, मॉडलिंग, शादी, विदेश में नौकरी और ऑनलाइन दोस्ती के नाम पर सबसे अधिक ठगी के मामले सामने आ रहे हैं।

### ऐसे काम करते हैं साइबर गैंग

- फर्जी प्रोफाइल बना फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर दोस्ती करना।
- लगातार चैट कर विश्वास जीतना।
- वीडियो कॉल या निजी फोटो-वीडियो की मांग करना।
- स्क्रीन रिकॉर्डिंग या फोटो सेव करना।
- वायरल करने की धमकी देकर यूपीआई, बैंक खाते या अन्य माध्यमों से पैसे वसूलना।

### मानसिक और सामाजिक असर

ब्लैकमेलिंग का शिकार होने वाले कई लोग तनाव, अवसाद और सामाजिक बदनामी के डर से मानसिक रूप से टूट जाते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मामलों में चुप रहने के बजाय तुरंत शिकायत करना और परिवार का सहयोग लेना सबसे जरूरी है।

### ब्लैकमेलिंग का शिकार हों तो ये करें

- बचाव ही सबसे बड़ा हथियार
- अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें।
- निजी फोटो और वीडियो साझा करने से बचें।
- वीडियो कॉल पर सतर्क रहें।
- सोशल मीडिया की प्राइवेसी सेटिंग मजबूत रखें।
- टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA) का उपयोग करें।
- किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें।
- ब्लैकमेल होने पर तुरंत साइबर पुलिस से संपर्क करें।

### रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले कर लें जांच



सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले उसकी पहचान की पूरी तरह जांच कर लें। निजी फोटो, वीडियो या व्यक्तिगत जानकारी किसी अंजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। यदि कोई वीडियो कॉल के जरिए ब्लैकमेल करता है या पैसे की मांग करता है तो घबराने की बजाय तुरंत साइबर थाना या साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं। किसी भी स्थिति में ब्लैकमेलर को पैसे न भेजें। समय पर शिकायत मिलने पर पुलिस डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास करती है। -गौरव राजपुरोहित, एसपी रोहतक

# शहर की सरकार को मिलेगा पैसा, फाइनेंस कमेटी की बैठक आज होने की संभावना

■ एजेंडे की तैयारी में जुटे अधिकारी, निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन, मेयर, पार्षद कंचन खुराना, सुशील नांदल रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



नगर निगम की सियासत और शहर के विकास से जुड़े कई अहम फैसलों पर जल्द मुहर लगेगी। निगम की फाइनेंस कमेटी की बहुप्रतीक्षित बैठक जल्द होने जा रही है, जिसमें शहर के विकास कार्यों, वित्तीय प्रस्तावों और कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा होने की संभावना है। अधिकारियों ने बैठक की तैयारियां तेज कर दी हैं और एजेंडे को अंतिम रूप देने का काम शुरू कर दिया है। फाइनेंस कमेटी की बैठक शनिवार या रविवार को आयोजित हो सकती है। हालांकि अभी आधिकारिक तारीख की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन ने बैठक को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। बताया जा रहा है कि विभिन्न विभागों से जुड़े प्रस्तावों को संकलित कर एजेंडे में शामिल किया जा रहा है ताकि बैठक के दौरान उन पर विस्तार से चर्चा की जा सके।

बैठक में नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन, मेयर रामअवतार वाल्मीकि और फाइनेंस कमेटी की तरफ से पार्षद कंचन खुराना व पार्षद सुशील नांदल सहित अन्य संबंधित अधिकारी और सदस्य मौजूद रहेंगे। वित्तीय मामलों के अलावा शहर के विकास कार्यों, लंबित परियोजनाओं, बजट प्रावधानों और विभिन्न योजनाओं से जुड़े प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों ने एजेंडे तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अलग-अलग शाखाओं से प्रस्ताव मंगाए जा रहे हैं ताकि किसी भी महत्वपूर्ण विषय को बैठक से बाहर न रखा जाए। जिन योजनाओं के लिए वित्तीय मंजूरी आवश्यक है, उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर एजेंडे में शामिल किए जाने की तैयारी है।

### विकास कार्यों पर पड़ेगा बैठक का सीधा असर

फाइनेंस कमेटी की बैठक को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इसमें लिए जाने वाले फैसलों का सीधा असर नगर निगम के विकास कार्यों और आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन पर पड़ता है। कई लंबित प्रस्तावों को भी इस बैठक में मंजूरी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे विकास कार्यों को गति मिल सकती है। निगम प्रशासन की ओर से फिलहाल बैठक की तारीख और एजेंडे को लेकर अंतिम आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई है, लेकिन तैयारियों की रफ्तार यह संकेत दे रही है कि बैठक जल्द आयोजित होगी। अब शहरवासियों और जनप्रतिनिधियों की नजर इस बैठक पर टिकी है, क्योंकि इसमें होने वाले निर्णय आने वाले समय में नगर निगम की कार्यप्रणाली और विकास योजनाओं की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## सांपला में 8, महम-कलानौर में 2-2 एमएम बरसे बदरा

# शहर में 20 एमएम बारिश, गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पिछले कुछ दिन से लगातार गर्मी और उमस झेल रहे लोगों को लिए शुक्रवार दोपहर को अचानक हुई बारिश राहत लेकर आई। कई क्षेत्रों में रुक-रुककर हुई वर्षा का दौर शाम तक जारी रहा। जिला प्रशासन के राजस्व विभाग के अनुसार शाम पांच बजे तक जिले में औसत 6.8 एमएम बारिश दर्ज की गई। इसमें सबसे अधिक वर्षा रोहतक शहर में 20 एमएम हुई, जबकि सांपला में 8 और महम, कलानौर और लाखनमाजरा में 2-2 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी जिले में बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।



### फसलों के लिए फायदेमंद रही

बारिश दोपहर बाद हुई बारिश खरीफ फसलों के लिए लाभदायक मानी जा रही है। धान, बाजरा, कपास और अन्य खरीफ फसलों को इस समय पानी की जरूरत है। बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है, जिससे फसलों को फायदा मिलेगा। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अधिक बारिश होने पर खेतों में पानी जमा न होने दें, क्योंकि जलभराव से फसलों की जड़ों को नुकसान पहुंच सकता है।

### जलभराव से परेशानी

दोपहर के समय आसमान में बादल छाने से मौसम में बदलाव आया। तेज धूप और उमस से परेशान लोगों को बारिश के बाद राहत मिली। बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। हालांकि कुछ देर की तेज बारिश के बाद शहर के निचले इलाकों और प्रमुख सड़कों पर पानी जमा हो गया, जिससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। बारिश शुरू होते ही बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई। कई लोग बारिश से बचने के लिए दुकानों और अन्य स्थानों पर रुक गए। वहीं, गर्मी से परेशान लोगों ने बारिश के मौसम का आनंद लिया। पिछले कई दिनों से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे लोगों के लिए यह वर्षा राहत लेकर आई।

## जमीनी विवाद में बुजुर्ग पर बहू ने डंडे से किया हमला

**रोहतक।** गांव बसाना में जमीन के विवाद को लेकर एक बुजुर्ग पर उसकी पुत्रवधू द्वारा डंडे से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल बुजुर्ग की शिकायत पर कलानौर थाना पुलिस ने आरोपी पुत्रवधू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बसाना निवासी साधुराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वृद्ध होने के कारण घर पर ही रहते हैं। उनके बड़े बेटे प्रकाश की मृत्यु हो चुकी है। प्रकाश की पत्नी बब्ली अलग मकान में रहती है और जमीन को लेकर उनसे रंजिश रखती है। शिकायत के अनुसार रात वह घर में चारपाई पर बैठे थे। इसी दौरान बब्ली वहां पहुंची और कहासुनी के बाद हाथ में लिए डंडे से उनके सिर पर वार कर दिया। इसके अलावा हाथ और पैरों पर भी कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित का आरोप है कि कुछ देर बाद आरोपी दोबारा ईंट लेकर उन्हें मारने के लिए आई, लेकिन सत्यवान की पत्नी तथा अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। अगले दिन परिजन उन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कलानौर ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सामान्य अस्पताल रोहतक रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने पुलिस को घटना की वीडियो और चोटों के फोटो भी उपलब्ध कराए हैं।

# 29 कॉलोनियों में आज कई घंटे गुल रहेगी बिजली, जलापूर्ति पर भी संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अगर आज आपके घर का इन्वर्टर चार्ज नहीं है या पानी की टंकी खाली है तो परेशानी बढ़ सकती है। शहर की 29 कॉलोनियों और आसपास के कई क्षेत्रों में शनिवार को बिजली आपूर्ति कई घंटे तक बाधित रहेगी। बिजली निगम की ओर से निर्धारित रखरखाव कार्य के चलते अलग-अलग समय पर सप्लाई बंद रहेगी। इसका असर घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ दुकानदारों, कार्यालयों और पेयजल आपूर्ति पर भी पड़ सकता है। निगम ने लोगों से पहले से जरूरी इंतजाम करने की अपील की है। बिजली निगम के अनुसार सुबह 8 से 11 बजे तक ऑफिसर कॉलोनी, सेक्टर-14, जाट संस्था, देव कॉलोनी, विनय नगर, दिल्ली बाइपास तथा ओमेक्स सिटी फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

### सुबह 9:30 से दोपहर 1:30 बजे तक बाधित रहेगी सप्लाई

दूसरे चरण में सुबह 9:30 से दोपहर 1:30 बजे तक आनंद नगर, इंद्र नगर, न्यू शीतल नगर, रुपया चौक, आरटीओ कार्यालय के आसपास का क्षेत्र, सोनू डेयरी के निकट, शीतल नगर, न्यू विजय नगर, विजय नगर, झज्जर चुंगी, कमला नगर, जनता कॉलोनी, शिवाजी कॉलोनी, काठ मंडी, टेक नगर, हकीकत नगर, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, वाटर वर्क्स, सुनारिया गांव, मायना गांव, कन्हेली गांव, पैहरावर गांव तथा फोर्ट एशिया में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### अपने उपकरण चार्ज कर लें

बिजली निगम का कहना है कि निर्धारित समय के दौरान आवश्यक तकनीकी और रखरखाव कार्य किए जाएंगे। कार्य पूरा होने के बाद संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। निगम ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे पहले से मोबाइल, इन्वर्टर और अन्य जरूरी उपकरण चार्ज कर लें तथा पानी का पर्याप्त भंडारण कर लें, क्योंकि बिजली बंद रहने के दौरान पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### फरमाणा खास में निःशुल्क चिकित्सा शिविर कल

**महम।** विश्व रोहिल्ला महासभा द्वारा 26 जुलाई को सुबह दस बजे फरमाणा खास गांव में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया जाएगा। महासभा के संस्थापक राजेश आर्य ने बताया कि इस शिविर की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिटायर्ड डीएसपी पृथ्वी सिंह रोहिल्ला करेंगे। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी महावीर सिंह सहारण करेंगे। कैंप में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा रोग का निदान,जांच व चिकित्सा निःशुल्क की जाएगी। शिविर मंदिरण व ब्राह्मणों वाली चौपाल में लगाया जाएगा। शिविर का समापन अनिल रोहिल्ला करेंगे।

### पशुओं को पकड़ने के लिए नपा खर्च करेगी दस लाख

**सांपला।** कस्बावासियों को जल्द ही सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं की समस्या से राहत मिलने वाली है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कोच की पहल पर शहर को आवारा मवेशियों से मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत नगर पालिका करीब 10 लाख रुपये खर्च करेगी और आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए निजी एजेंसी को टेंडर दिया गया है।

### महम के टाऊन पार्क में आठ दिन से अंधेरा

**महम।** चौबीसी चबूतरे के पास स्थित हुडा टाऊन पार्क में पिछले आठ दिनों से बिजली की लाइटें खराब होने के कारण सुबह-शाम अंधेरा छाया रहता है। इससे सैर करने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फुटपाथ पर अंधेरे में चलना मुश्किल हो गया है और लोग चोटिल भी हो रहे हैं। नियमित रूप से पार्क आने वाले लोगों ने बताया कि कई बार कर्मचारियों को शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

### 26 जुलाई को गूंजेंगी गजलें और रचनाएं

**रोहतक।** हरियाणा के प्रसिद्ध शायर बलबीर राठी के जन्मदिवस के अवसर पर 26 जुलाई को आईएमए हॉल में साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनवादी लेखक संघ रोहतक, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति रोहतक और बलबीर राठी के परिवार के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में उनकी रचनाओं और साहित्यिक योगदान को याद किया जाएगा। बलबीर राठी का जन्म 26 जुलाई 1934 को रोहतक के गांव लखनमाजरा में हुआ था। उनकी गजलों में सादगी, संवेदना और सामाजिक सरोकारों की झलक मिलती है। कार्यक्रम की शुरुआत उनके जीवन पर आधारित फिल्म प्रदर्शन से होगी। इसके बाद एमडीयू के अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थी उनकी गजलों का गायन करेंगे।

### महम बार एसोसिएशन का चुनाव 11 सितंबर को

**महम।** बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के निर्देशों के तहत बार एसोसिएशन महम में चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधान प्रदीप ढाका ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार उपप्रधान पद महिला अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित किया गया है। इससे पहले सह सचिव पद भी महिलाओं के लिए आरक्षित था। अब एसोसिएशन में महिला आरक्षण 50 प्रतिशत हो गया है। चुनाव के लिए 190 वकीलों ने फीस जमा कर शपथ पत्र जमा करवाए हैं। पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल ने चुनाव की तिथि 11 सितंबर निर्धारित की है। पिछले चुनाव में 420 सदस्यों ने मतदान किया था।

### नीट पेपर लीक मामले में युवा इनेलो ने सौंपा ज्ञापन



**रोहतक।** युवा इनेलो ने नीट पेपर लीक विरोध प्रदर्शन पर हुए कथित लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच समेत विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सीटीएम को सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गोस्वामी ने दोषियों पर कार्रवाई, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, समयबद्ध भर्ती और प्रभावितों को मुआवजे की मांग की।

**मांगें पूरी नहीं हुईं तो अगस्त में राज्यव्यापी हड़ताल की चेतावनी**

# दमकल कर्मियों ने जॉब सिक्योरिटी पत्र की प्रतियां जलाकर जताया रोष

## सरकार से पत्र वापस लेने और समझौता लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर मुख्य दमकल केंद्र में कर्मचारियों ने 20 जुलाई 2026 को जारी जॉब सिक्योरिटी पत्र की प्रतियां जलाकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार के नाम ज्ञापन सौंपकर पत्र वापस लेने और 13 मई 2026 के द्विपक्षीय समझौते की सभी मांगें बिना शर्त लागू करने की मांग की। जिला प्रधान सोनू हुड्डा ने आरोप लगाया कि सरकार ने नियमित नौकरी का आश्वासन देने के बावजूद कर्मचारियों के साथ विश्वासघात किया है। यदि जॉब सिक्योरिटी पत्र वापस नहीं लिया गया और लंबित मांगें पूरी नहीं हुईं तो 6, 7 और 8 अगस्त को प्रदेशभर के नियमित, पे-रोल और एच के आर एन एल कर्मचारी राज्यव्यापी हड़ताल करेंगे। प्रदर्शन में राज्य उपप्रधान अरुण कुमार, राम सुरजीत, जसवीर नांदल, सतीश शर्मा, नगर पालिका कर्मचारी संघ रोहतक के प्रधान शंभू टोंक, सचिव राकेश चावरिया सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



रोहतक। अपनी मांगों के लिए जॉब सिक्योरिटी पत्र की प्रतियां जलाकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन दमकल कर्मी। फोटो: हरिभूमि

### दिल्ली में छात्रों के समर्थन में जिला बार एसोसिएशन ने दिया सांकेतिक धरना



**रोहतक।** दिल्ली में छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को रोहतक जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में सांकेतिक धरना दिया। वकीलों ने छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन के अधिकार का समर्थन करते हुए घटना की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और छात्रों की समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से होना चाहिए। उन्होंने सरकार से छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की तथा चेतावनी दी कि समाधान नहीं होने पर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

## निर्माण मजदूरों का प्रदर्शन, छात्रों के आंदोलन को समर्थन




**रोहतक।** संयुक्त निर्माण मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को सैकड़ों निर्माण मजदूरों ने मानसरोवर पार्क से उपायुक्त कार्यालय तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। मजदूरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सीटीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान जंतर-मंतर पर पेपर लीक के विरोध में आंदोलनरत छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की निंदा करते हुए उनके आंदोलन का समर्थन किया गया। साथ ही शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाते हुए 10 अगस्त को जेल भरो आंदोलन का आह्वान किया। प्रदर्शन में सीटू जिला प्रधान प्रकाशचंद्र, संजीव सिंह, प्रधान रमेशचंद्र आदि मौजूद रहे।

## आंबेडकर चौक पर गरजे कई जन संगठन



**रोहतक।** दिल्ली में छात्र संगठनों के आंदोलन के समर्थन में आंबेडकर चौक पर सीटू, एफएसआई सहित कई जन संगठनों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारियों ने छात्र हितों, शिक्षा व्यवस्था और युवाओं से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए सरकार से छात्रों की मांगें मानने की अपील की। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

# नियुक्ति विवादः स्कूल के गेट पर जड़ा ताला, आश्वासन पर खुला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

ग्राम पंचायत फरमाना खास ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई नियुक्ति को लेकर आपत्ति जताते हुए स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। पंचायत और ग्रामीणों का कहना है कि पहले के अनुभवों को देखते हुए उन्हें आशंका है कि विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसी को लेकर ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय में पहले भी ऐसी परिस्थितियां बनी थीं, जिनका असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा परिणाम पर पड़ा था। इसी को ध्यान में रखते हुए पंचायत ने अधिकारियों के समक्ष अपनी आपत्ति रखी और मामले में हस्तक्षेप की मांग की। विरोध के दौरान स्कूल में मौजूद शिक्षकों और विद्यार्थियों को बाहर कर दिया गया।



**रोहतक।** फरमाना खास के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के गेट के बाहर ताला लगाकर खड़े लोगों से ज्ञापन लेते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### विद्यालय में पढ़ाई व अन्य गतिविधियां शुरू

स्कूल में ताला लगाए जाने की सूचना मिलने के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की और समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने स्कूल का ताला खोल दिया और पढ़ाई फिर से शुरू हो गई।

### बेहतर शैक्षणिक माहौल को प्राथमिकता

ग्राम पंचायत ने विद्यार्थियों के हित और बेहतर शैक्षणिक माहौल को प्राथमिकता बताते हुए उचित निर्णय की मांग की है। शिक्षा विभाग ने मामले को नियमानुसार देखने और सभी पक्षों की बात पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

**खरावड़ बाइपास पर चमन ऋषि मंदिर के पास हादसा**

# कार ने ऑटो को पीछे से मारी टक्कर, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

**पीड़ित पुत्रवधू के लिए खाना लेकर जा रहा था रोहतक**

खरावड़ बाइपास स्थित चमन ऋषि मंदिर के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की शिकायत पर आईएमटी थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांधरा गांव निवासी 52 वर्षीय सोमबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पुत्रवधू के लिए खाना लेकर ऑटो से रोहतक आ रहा था। दोपहर करीब 2:30 बजे जब वह खरावड़ बाईपास पर चमन ऋषि मंदिर के पास पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रही एक कार ने उसके ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो सड़क पर पलट गया। शिकायतकर्ता के अनुसार कार चालक ने अपना नाम संजीव निवासी खरावड़ बताया। हादसे के बाद कार चालक और उसके साथ मौजूद महिला उसे उपचार के लिए पीजीआईएमएस लेकर पहुंचे। बाद में परिजन उसे बेहतर उपचार के लिए पोजिट्रोन अस्पताल में भर्ती करवा ले गए। हादसे में उसे कई चोटें आईं और ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार सूचना मिलने पर एएसआई निक्कू अस्पताल पहुंचे, जहां पहले घायल बयान देने की स्थिति में नहीं था। अगले दिन चिकित्सक द्वारा बयान देने के लिए फिट घोषित किए जाने के बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज की। पुलिस ने आईएमटी थाना में मामला दर्ज किया गया।

## डाकू कुलासिया गैंग से जुड़े युवकों की निशानदेही पर विदेशी पिस्टल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

**दीपांशु और विवेक ने बताया कि उनकी नसीब उर्फ डाकू कुलासिया से अच्छी जान-पहचान**

स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) रोहतक ने गैंगस्टर नसीब उर्फ डाकू कुलासिया गैंग से जुड़े दो युवकों की निशानदेही पर रोहतक-पानीपत आउटर बाईपास से विदेशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस संबंध में आईएमटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार एसटीएफ इकाई रोहतक में पूछताछ के दौरान झज्जर जिले के गांव आसौदा पाना टोडरान निवासी दीपांशु और विवेक ने बताया कि उनकी गैंगस्टर नसीब उर्फ डाकू कुलासिया से अच्छी जान-पहचान है। दोनों ने बताया कि वे इंस्टाग्राम के माध्यम से नसीब के संपर्क में थे। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि नसीब के कहने पर उन्होंने गांव बराही-जाखौदा रोड स्थित ईंट-भट्टे के पास से काले बैग में रखी तीन पिस्टल और करीब 20 जिंदा कारतूस उठाए थे। बाद में इनमें से दो पिस्टल और 15 कारतूस गांव आसौदा से कुलासी जाने वाले रास्ते पर नहर पुल के पास रख दिए, जबकि एक पिस्टल और दो कारतूस आगामी वारदात के लिए अपने पास छिपाकर रखे।

दोनों आरोपियों की निशानदेही पर एसटीएफ टीम रोहतक-पानीपत आउटर बाइपास पर हनुमान मंदिर पुल के पास पहुंची। सड़क किनारे पत्थरों के नीचे छिपाई गई काली थैली से ब्राजील निर्मित टॉरस 7.65 एमएम पिस्टल और उसकी मैगजीन में रखे दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

# डॉक्टरी पेशा मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम : डॉ.आमोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**डॉ मारकंडेय के नक्शेकदम पर चल रहा बेटा आमोद**

**डॉ आमोद आहूजा ने अपने पिता को बताया प्रेरणा स्त्रोत**

कहते हैं कि माता-पिता के संस्कार और मार्गदर्शन ही बच्चों की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। इसी कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं रेटिना स्पेशलिस्ट युवा डॉ आमोद आहूजा, जिन्होंने अपने पिता डॉ मारकंडेय आहूजा के आदर्शों को अपनाते हुए चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए वे न केवल मरीजों का बेहतर इलाज कर रहे हैं, बल्कि समाज सेवा के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

गरीब और जरूरतमंद मरीजों की सहायता, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और समय-समय पर आयोजित स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से वे लोगों के बीच भरोसे का प्रतीक बन चुके हैं। डॉ आमोद आहूजा का मानना है कि डॉक्टर का पेशा केवल इलाज तक सीमित नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। क्षेत्र के लोग उनकी सादगी, सेवा भावना और मरीजों के प्रति समर्पण की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा अपने पिता से मिली प्रेरणा और अनुभव को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने चिकित्सा सेवा को एक मिशन बना लिया है। यही वजह है कि आज वे न केवल एक सफल डॉक्टर के रूप में पहचान बना रहे हैं, बल्कि समाज में सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण की मिसाल भी पेश कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बनती जा रही है।

**निरीक्षण** | एसडीएम विपिन कुमार ने अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

# भराण रोड कीचड़ से हुआ बदहाल, गंगानगर तितरी, भराण और अजायब के लोग परेशान

**इस रोड पर ही शहर का बस स्टैंड, अनाज मंडी, राजकीय बहु तकनीकी संस्थान सहित कई अन्य स्कूल भी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

महम में भराण रोड कीचड़ से बदहाल हो चुका है। वाहन चालकों, यात्रियों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस रोड पर ही शहर का बस स्टैंड, अनाज मंडी, राजकीय बहु तकनीकी संस्थान, मॉडल स्कूल, सही राम स्कूल और किसान कॉलेज ऑफ एजुकेशन समेत कई शिक्षण संस्थान हैं।

गांव गंगानगर, तितरी, भराण और अजायब के लिए भी लोग इसी मार्ग से आते जाते हैं। लेकिन अब इस रोड से लोगों का पैदल निकलना भी दूभर हो गया है। एसडीएम विपिन कुमार ने शुक्रवार को महम-भराणा मार्ग का निरीक्षण कर सड़क की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क पर बने गड्ढों, सीवर लाइन डालने के बाद छोड़े गए खुदे हुए स्थानों तथा अन्य कमियों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए।

### लोगों को असुविधा न हो

उपमंडल अधिकारी ने कहा कि आमजन को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### गड्ढों को तत्काल भरें

एसडीएम ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीवर लाइन बिछाने के बाद छोड़े गए सभी गड्ढों को तत्काल भरवाया जाए। साथ ही जहां-जहां सड़क क्षतिग्रस्त हुई है, वहां आवश्यक मरम्मत करवाई जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर पाइपलाइन डालने का कार्य पूरा हो चुका है, वहां सड़क निर्माण एवं मरम्मत का कार्य बिना किसी देरी के तत्काल शुरू किया जाए। सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप समय पर पूरे हों।

## न्यूज डायरी

### महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह कल

**महम।** महाराजा दक्ष प्रजापति युवा संगठन द्वारा रविवार 26 जुलाई को महम में फरमाणा चुंगी के पास स्थित कुम्हार धर्मशाला में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। समारोह में पूर्व सांसद रामचंद्र जांगड़ा व पूर्व भाजपा प्रत्याशी दीपक हुड्डा भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुग्राम के उद्योगपति सत्यवान मालवाल करेंगे। जिला कष्ट निवारण समिति रोहतक के सदस्य कार्यक्रम के उपाध्यक्ष रहेंगे। जयंती समारोह का आयोजन मार्केट कमेटी महम के वाइस चेयरमैन लीलू राम बेडवा की देखरेख में किया जा रहा है। लीलू राम ने बताया कि समारोह में वर्ष 2026 की दसवीं, बारहवीं, स्नातक परीक्षाओं में 80 फीसदी से अधिक अंक लेने वाले और एमबीबीएस में दाखिल होने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।



### कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नमन

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांस्कृतिक क्लब और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना था। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों की स्मृति में दो मिनट के मौन से हुई। इस दौरान कारगिल युद्ध पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। छात्र-छात्राओं ने कविताओं और प्रस्तुतियों के माध्यम से वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। डीन डॉ. मनीष दलाल और विभागाध्यक्ष डॉ. रितु ने कहा कि शहीदों का बलिदान युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

### रविदास समरस संकल्प अभियान 29 सेः ढाका



रणवीर सिंह ढाका

**रोहतक।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर भाजपा की ओर से 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक श्री गुरु रविदास समरस संकल्प अभियान चलाया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने बताया कि अभियान के तहत जिले में गुरु रविदास के जीवन, दर्शन और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए जिला टोली का गठन किया गया है। डॉ. अशोक कुमार रंगा को जिला संयोजक तथा डॉ. दिनेश शास्त्री, राजन बोहत, मीनाक्षी पार्षद सांपला और नरेश खुंडिया को सह-संयोजक बनाया गया है।



### छात्र आंदोलन पर बतरा ने सरकार को घेरा

**रोहतक।** पूर्व मंत्री सुभाष बतरा ने पत्रकारवार्ता कर छात्र आंदोलन, पेपर लीक और राहुल गांधी के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अधिकारों और भविष्य की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। बतरा ने पेपर लीक मामलों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने सरकार से पेपर लीक नेटवर्क, बड़े आरोपियों पर कार्रवाई और जांच प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई को छात्रों के समर्थन में कांग्रेस भवन से विशाल मार्च निकाला जाएगा।



### कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खेड़ी साध में प्रधानाचार्या श्रीमती स्नेह रानी के मार्गदर्शन में खरावड़ के कैप्टन जगबीर मलिक ने विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों की शौर्य गाथा एवं उनके अदम्य साहस और बलिदान के बारे में प्रेरणादायक जानकारी दी। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर एसएमसी सदस्य महताब , फ्लाइंग ऑफिसर सतीश कुमार, फ्लाइंग ऑफिसर सुनील कुमार तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



### मतदाता सूची अभियान को लेकर भाजपा का निर्देश

**सांपला।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने शुक्रवार को शक्ति केंद्र पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाने और बीएलओ का सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर 2002 और वर्तमान मतदाता सूची का मिलान कर सही मतदाताओं के नाम शामिल करवाए जाएं। साथ ही मृत और स्थानांतरित हो चुके लोगों के नाम हटवाने में सहयोग करें। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के लिए विशेष अभियान चलाने का आह्वान किया।

### अंत्योदय मेला कल, 3 हजार परिवार चिन्हित



**रोहतक।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाई) 2.0 के तहत गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा क्षेत्र के करीब 3 हजार पात्र परिवारों के लिए 26 जुलाई को अंत्योदय मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लगेगा। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि चिन्हित लाभार्थियों को घर-घर जाकर मेले में पहुंचने का निमंत्रण दिया गया है। मेले में 19 विभागों की 47 जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## खबर संक्षेप



### मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न दिलाने की मुहिम तेज

**रोहतक।** भारतीय खेल यूनियन और नांदल खाप के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को नांदल भवन, बोहर (रोहतक) में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा की विभिन्न खाप पंचायतों, सामाजिक संगठनों और खेल प्रेमियों ने हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिए जाने की राष्ट्रीय मुहिम का जोरदार समर्थन किया। इस अवसर पर भारतीय खेल यूनियन उपाध्यक्ष रविंद्र ढाका सहित कई पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### आईटीआई में 71 छात्रों ने लिया दाखिला

**सांपला।** हसनगढ़ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शैक्षणिक स्तर 2026 -20 27के प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रथम मेरिट सूची के आधार पर अब तक विद्यार्थियों ने विभिन्न तकनीकी ट्रेड में 540 सीटों पर दाखिले होंगे। इन सीटों का प्रवेश के लिए विभाग की ओर से दूसरी मेरिट लिस्ट 28 जुलाई को जारी की जाएगी।

### विश्व हिन्दू परिषद की बैठक करनाल में आज

**रोहतक।** विश्व हिन्दू परिषद की बैठक वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। इस वर्ष सभी प्रमुख जिले व प्रांत के कार्यकर्ता 25 जुलाई से 26 जुलाई तक करनाल में रहेंगी। 20 जुलाई को केन्द्रीय प्रबंध समिति की बैठक हरियाणा प्रांत के नए कार्यकर्ताओं की घोषणा हुई जिसमें प्रांत के उपाध्यक्ष राधेश्याम चिलाना को प्रांत अध्यक्ष पद की नई जिम्मेदारी सौंपी गई।

### महम में चौबीसी चबूतरे पर महापंचायत आज

**महम।** चौबीसी चबूतरे पर 25 जुलाई को सर्वखाप महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इसमें समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए, निर्णय लिए जाएंगे। साथ ही सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली गन्दगी, अश्लीलता आदि मुद्दों पर महापंचायत में विचार विमर्श किया जाएगा। चौबीसी चबूतरे पर उत्तर भारत की खाप पंचायतें, महिला संगठन, सामाजिक संगठन, लेखक, कवि, कलाकार, रागनी गायक समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि महापंचायत में पहुंचेंगे।

### इकोनॉमिक्स की परीक्षा तिथि में बदलाव

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने बीएड प्रथम वर्ष रेगुलर एवं री-अपीयर/एडिशनल परीक्षाओं की डेटशीट में संशोधन किया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, डेटशीट में संशोधन एवं पेपर क्लैश के कारण 29 जुलाई को होने वाला- पेडागॉजी ऑफ इकोनॉमिक्स (पेपर कोड 17111) का पेपर अब 3 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया है कि परीक्षा का समय और परीक्षा केंद्र पहले की तरह ही रहेंगे।

## शूटिंग अंडर-14 में जेडी स्कूल की हंसिका प्रथम, पठानिया की मानसी द्वितीय

# ब्लॉक स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में एसडीएम कॉन्वेंट और विद्या श्री बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

ब्लॉक स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी टीमों को खिताबी जीत दिलाई। रोमांचक मुकाबलों के बीच अंडर-17 और अंडर-14 दोनों वर्गों में टीमों ने शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। अंडर-17 लड़कों के फाइनल मुकाबले में एसडीएम कॉन्वेंट स्कूल, किलोई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। खिताबी भिड़ंत में एसडीएम कॉन्वेंट स्कूल का सामना शिक्षा भारती स्कूल से हुआ। मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन एसडीएम कॉन्वेंट स्कूल की टीम ने शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी और 55-43 के अंतर से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में एसडीएम कॉन्वेंट स्कूल 55 अंक बनाकर विजेता रहा, जबकि शिक्षा भारती स्कूल 43 अंकों के साथ उपविजेता बना। टीम की इस उपलब्धि पर बास्केटबॉल कोच एवं टीम प्रभारी अमित हुड्डा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रोहतक। बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ी।

### अंडर-17 में लड़की की भावना प्रथम

एयर पिस्टल स्पर्धा के अंडर-14 आयु वर्ग में जेएडी ग्लोबल स्कूल की हंसिका ने प्रथम, पठानिया पब्लिक स्कूल की मानसी ने द्वितीय और सांगवान स्कूल की ऋषिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 में जी.जी.एस. स्कूल लड़की की भावना ने प्रथम, सांगवान स्कूल की प्राची सांगवान ने द्वितीय और वैश्य स्कूल की भीनी ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर-19 आयु वर्ग में एच.एम. पब्लिक स्कूल की दिया ने प्रथम, जेएडी ग्लोबल स्कूल की सान्वी ने द्वितीय और द लिटिल श्री स्कूल की निया शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एयर राइफल पीप साइट स्पर्धा के अंडर-14 आयु वर्ग में पठानिया पब्लिक स्कूल की आराध्य जी. ने प्रथम और जेएडी स्कूल की मैरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 आयु वर्ग में विद्या श्री स्कूल की मन्नत ने प्रथम, पठानिया पब्लिक स्कूल की अनुष्का ने द्वितीय और डी.ए.वी. सेंटेनरी पब्लिक स्कूल की नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## सत जींदा कल्याणा कॉलेज में 7 को होगी पांचवीं जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता

**रोहतक।** युवा खिलाड़ियों को जेवलिन थ्रो के प्रति प्रोत्साहित करने और खेल प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 अगस्त को सत जींदा कल्याणा कॉलेज के खेल मैदान में पांचवीं जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में फाइव-एस चैरिटेबल स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गुलशन शर्मा ने बावा खुशहाल दास का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद कॉलेज में आयोजित बैठक में प्रतियोगिता की रूपरेखा तय की। बैठक में संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद शादी लाल बतरा, कॉलेज के प्राचार्य नरेश कुमार दुआ, डॉ. उमेश कुमार , डॉ. कृष्ण वत्स , पूर्व छात्र सत बावा ईश्वर शाह तथा देवकीनंदन चुघ आदि रहे।



## दयावती मोदी अकादमी की बास्केटबॉल टीम ने ब्लॉक स्तर पर जमाया कब्जा

- तृतीय स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में विद्या श्री स्कूल को 16-0 से दी मात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

ब्लॉक स्तरीय अंडर-17 बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता में दयावती मोदी अकादमी, रोहतक की खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय की टीम ने शुरू से ही उत्कृष्ट खेल भावना और मजबूत रणनीति का परिचय दिया।

तृतीय स्थान के लिए खेले गए रोमांचक मुकाबले में दयावती मोदी अकादमी की अंडर-17 बालिका बास्केटबॉल टीम ने शानदार दबदबा बनाते हुए विद्या श्री इंटरनेशनल स्कूल को 16-0 के बड़े अंतर से पराजित किया। मैच के दौरान टीम की खिलाड़ियों के बीच बेहतरीन तालमेल, सटीक पासिंग और मजबूत डिफेंस देखने को मिला, जिसकी बदौलत विपक्षी टीम एक भी अंक बनाने में सफल नहीं हो सकी। इस प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल स्कूल ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि विकल्प स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। दयावती मोदी अकादमी की बालिकाओं के इस प्रदर्शन से स्कूल परिसर में खुशी का माहौल है। प्राचार्य राजीव ढाका ने इस शानदार उपलब्धि पर पूरी टीम और कोच मनीष को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों के समर्पण और कोच के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को भविष्य में और अधिक मेहनत करने तथा विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।



## यूआईईटी में बीटेक दाखिले के लिए हुई पहली फिजिकल काउंसलिंग

- बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 700 आवेदन प्राप्त हुए, छात्रों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) में बीटेक प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए शुक्रवार को पहली संस्थान स्तरीय फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की गई। काउंसलिंग में बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। विभिन्न बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संस्थान को करीब 700 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

कुलसचिव प्रो संदीप बंसल ने काउंसलिंग का दौरा किया। बसंयूआईईटी निदेशक प्रो. विनीत सिंगला ने बताया कि काउंसलिंग के दौरान कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा बायोटेक्नोलॉजी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की गई। प्रवेश समिति की निगरानी में काउंसलिंग प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने काउंसलिंग के सफल आयोजन के लिए प्रवेश समिति, प्राध्यापकों और सहयोगी स्टाफ के प्रयासों की सराहना की तथा नवप्रवेशी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रोहतक। काउंसलिंग में दौरे के दौरान मौजूद कुलसचिव प्रो संदीप बसंल।



## एडवांटा हॉस्पिटल ने सुलोधा में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर, 165 ने उठाया लाभ

**रोहतक।** झज्जर के समीपवर्ती गांव सुलोधा में एडवांटा हॉस्पिटल, रोहतक की ओर से एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गांव के 165 जरूरतमंद लोगों ने अपनी सेहत की जांच करवाकर निशुल्क सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों के शुगर, बीपी, थायराइड तथा नाक, कान एवं गले से संबंधित बीमारियों की बारीकी से जांच की। यह जांच शिविर डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ. मोहित ढांढा, डॉ. रमेश चंद्र, डॉ. सचिन, डॉ. अर्चना दहिया, डॉ. बबीता बर्क और डॉ. मन्नत की देखरेख में संपन्न हुआ। शिविर में योगिता ने नर्सिंग सेवाएं दीं और विनीत ने दवा वितरण का कार्य संभाला। निदेशक मोहित मलिक की तरफ से सभी मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इस सामाजिक पहल में मनोज शर्मा एवं युवा समाजसेवी विकास यादव का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान एम.आर. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक सोमबीर कोड़ान को 'हिंदुस्तान प्रेस ट्रस्ट' की ओर से 'गांव गौरव सम्मान' से अलंकृत किया गया।

## शिविर में 43 यूनिट रक्त संग्रहित, पेश की सामाज सेवा की अनूठी मिसाल

**रोहतक।** हम और आप सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सेक्टर तीन मॉल में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में कुल 43 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज एवं नगर निगम पार्षद प्रवीण कौशिक बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे। दोनों अतिथियों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि जन्मदिन जैसे शुभ अवसरों को समाज सेवा से जोड़ना एक प्रेरणादायक कार्य है। इससे समाज में सेवा की भावना मजबूत होती है और आने वाली पीढ़ियों को भी अच्छे संस्कार एवं सकारात्मक सीख मिलती है। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदाताओं का पंजीकरण करने के बाद स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक चिकित्सकीय मानकों की जांच के उपरांत रक्तदान कराया गया।






## फाइब्रोस्कैन शिविर में 30 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य, फैटी लिवर पर किया जागरूक

**रोहतक।** इनर व्हील क्लब , रोहतक द्वारा डॉ. अशोक गुप्ता के क्लिनिक (गुप्ता नर्सिंग होम) में निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन क्लब की सदस्यों एवं मरीजों के लिए किया गया, जिसका उद्देश्य फैटी लिवर रोग की समय रहते पहचान को बढ़ावा देना तथा निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस पहल के माध्यम से बेहतर लिवर स्वास्थ्य के लिए समय पर जांच करवाने के महत्व को रेखांकित किया गया। 30 मरीजों के लिवर की जांच की गई। इस कैम्प में मृदुला जैन, विजय बल्हारा, पूनम गुप्ता, डॉ किरण सोनी और मंजू बिंदल मौजूद रही। यह परियोजना क्लब की स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा सामुदायिक कल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता के अंतर्गत सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## न्यूज डायरी

### भारत विकास परिषद ने मनाई लोकमान्य तिलक की जयंती, विजेता सम्मानित



**रोहतक।** भारत विकास परिषद (रोहतक शाखा) द्वारा दुर्गा कॉलोनी स्थित श्री ज्योति प्रकाश स्कूल में महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित क्षेत्रीय संयोजक अशोक गुप्ता ने तिलक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म महाराष्ट्र के रत्नागिरी में हुआ था और बचपन में उन्हें बाल कहकर बुलाया जाता था। इस दौरान गणपत राय गोयल, अशोक गुप्ता सहित शिक्षक सुखबीर, हिमांशी, अंजू, रुचि, शालिनी, राजबाला, मोनिका सहगल और गीता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### वैश्य महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू



**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय, रोहतक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया औपचारिक रूप से प्रारम्भ हो चुकी है। प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव ने बताया कि महाविद्यालय में कला, वाणिज्य, विज्ञान तथा अन्य विभिन्न संकायों के पाठ्यक्रमों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों का मार्गदर्शन तथा आधुनिक शिक्षण सुविधाएँ उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय में एनसीसी, एनएसएस, युवा रेड क्रॉस, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, कौशल विकास प्रशिक्षण एवं समय-समय पर राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के सेमिनार व कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है।

### राजकीय महिला महाविद्यालय में भौतिक भूगोल पुस्तक का लोकार्पण



**रोहतक।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रोहतक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप तैयार की गई पुस्तक 'भौतिक भूगोल : भू-आकृति विज्ञान एवं प्रारंभिक मानचित्रकला' का गरिमामय लोकार्पण संपन्न हुआ। यह पुस्तक बी.ए. एवं बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के बहुविषयक पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इस पुस्तक का लेखन प्रो. (डॉ.) फूल कुमार, डॉ. अंजु बाला तथा डॉ. ज्योति द्वारा किया गया है।

### कॉमर्स क्विज प्रतियोगिता में सुहानी की टीम प्रथम, पूरब की टीम रही दूसरे स्थान पर

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कॉमर्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के विषयगत ज्ञान, तार्किक क्षमता और सामान्य जागरूकता को बढ़ावा देना था। रोमांचक मुकाबले में सुहानी, आरोही, जिया और खुशी की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं पूरब, गर्वित, राधिका और भव्या की टीम द्वितीय स्थान पर रही। विद्यालय के निदेशक पी. एन. मुज्जु ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम हैं। प्रतियोगिता का सफल संचालन श्रीमती विनीता दीवान, रेणु सोलंकी, टीना, ममता सिंह और मंजू के सहयोग से हुआ।

### एमडीयू के वाणिज्य विभाग की 8 छात्राएं सहायक प्रोफेसर चयनित, कुलपति पुनिया ने दी बधाई



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के वाणिज्य विभाग की आठ शोधार्थियों का चयन हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) द्वारा सहायक प्रोफेसर (वाणिज्य) पद पर हुआ है। शुक्रवार को चयनित छात्राओं ने एमडीयू कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया से भेंट की। कुलपति ने चयनित छात्राओं- निकिता, मोनिका गर्ग, निशु गोयल, नेहा, सुसैन, काजल, पूनम और सुषमा यादव को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इन प्रतिभाशाली बेटियों ने वाणिज्य विभाग तथा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो ए एस मान, रजिस्ट्रार प्रो संदीप बंसल, वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष प्रो सीमा राठी, प्राध्यापक डॉ विजय हुड्डा समेत चयनित छात्राएं और परिजन उपस्थित रहे।

### एमडीयू में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव, बिजनेस ग्रोथ एग्जीक्यूटिव पद के लिए विद्यार्थियों ने दिए इंटरव्यू



**रोहतक।** महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी के करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) और इमसार के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से ब्रेनलर्न के सहयोग से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया।

### स्वस्थ वाहिनी से 13 महिलाओं में समय रहते मिला स्तन कैंसर का पता, उपचार संभव

**रोहतक।** जिले में महिलाओं के स्वास्थ्य और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए शुरू की गई 'स्वस्थ वाहिनी' पहल से 13 महिलाओं में स्तन कैंसर का समय रहते पता लगाया जा सका है। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग,एलपीएस बॉसार्ड और डॉ. अनीता नरूला फाउंडेशन के सहयोग से चलाए गए निःशुल्क मोबाइल मैमोग्राफी अभियान के तहत महिलाओं तक जांच सुविधा पहुंचाई गई। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि समय पर जांच होने से कई महिलाओं में बीमारी की पहचान शुरुआती स्तर पर हुई, जिससे उपचार शुरू करना संभव हो सका।

**मोबाइल मैमोग्राफी अभियान में 6,912 महिलाओं की हुई स्क्रीनिंग, हाई रिस्क 33 महिलाओं को आगे की जांच के लिए भेजा**

ग्राम पंचायत मुँगाण
जिला रोहतक (हरियाणा)
बोली सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एससी चौपाल (चमार) की कंडम घोषित हो चुकी बिल्डिंग के सामान की बोली दिनांक 28.07.2026 को प्रातः 10.00 बजे करवानी तय हुई है। इच्छुक प्रार्थी समय पर इस बोली में हाजिर होना सुनिश्चित करें।
हस्ता/- दर्शना, सरपंच,
ग्राम पंचायत मुँगाण, जिला रोहतक
(हरियाणा) मो. 9466072825

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- Computer Operator 2
- PRO 4
- Nursing Staff 4
- Ward Boy 4
- Gate Keeper 4

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## पीजीआई और सिविल अस्पताल की ओपीडी में 15 से 20 प्रतिशत बढ़े फंगल संक्रमण के मरीज

- सिविल अस्पताल में 15 से 20% मरीज फंगल से पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मानसून में बढ़ी नमी और उमस का असर लोगों की त्वचा पर दिखाई देने लगा है। रोहतक के सिविल अस्पताल और पीजीआईएमएस की त्वचा रोग ओपीडी में फंगल संक्रमण, दाद, खुजली, एलर्जी और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सिविल अस्पताल के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मलिक के अनुसार उनकी ओपीडी में प्रतिदिन करीब 200 मरीजों की जांच होती है। इनमें अब 15 से 20 प्रतिशत मरीज फंगस से संबंधित बीमारी के पहुंच रहे हैं, यानी रोजाना करीब 30 से 40 मरीज फंगल संक्रमण से पीड़ित मिल रहे हैं। बारिश के मौसम से पहले ऐसे मरीजों की संख्या करीब 10 से 15 प्रतिदिन रहती थी।

### नमी बढ़ने से तेजी से फैलता है संक्रमण



डॉ. दिनेश मलिक ने बताया कि बारिश के दौरान वातावरण में नमी बढ़ने से फंगस को पनपने के लिए अनुकूल वातावरण मिल जाता है। पसीना अधिक आने और त्वचा के हिस्सों में नमी बने रहने के कारण संक्रमण तेजी से फैलता है। खासकर बगल, गर्दन, कमर, जांघों के बीच और पैरों की उंगलियों के बीच फंगल संक्रमण के मामले अधिक सामने आते हैं। उन्होंने बताया कि कई लोग शुरुआती खुजली या दाद को सामान्य समझकर मेडिकल स्टोर से क्रीम खरीद लेते हैं। खासकर स्टेरॉयड युक्त क्रीम लगाने से कुछ समय के लिए राहत मिल जाती है, लेकिन संक्रमण पूरी तरह खत्म नहीं होता। बाद में यह समस्या शरीर के दूसरे हिस्सों तक फैल सकती है और इलाज में अधिक समय लग सकता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि त्वचा को सूखा रखें और डॉक्टर की सलाह के बिना किसी भी तरह की क्रीम या दवा का इस्तेमाल न करें।

### ये हैं फंगल संक्रमण के लक्षण

त्वचा पर गोल या लाल चकते बनना, लगातार खुजली होना, जलन महसूस होना, त्वचा का छिलना, छोटे-छोटे दाने निकलना, सफेद परत जमना, त्वचा का रंग बदलना, संक्रमण बढ़ने पर त्वचा में दर्द, सूजन और पस बनने जैसी समस्या भी हो सकती है।

### ऐसे करें बचाव

बारिश में भीगने के बाद शरीर को अच्छी तरह सुखाएं। गीले कपड़े अधिक समय तक न पहनें। सूती और ढीले कपड़ों का इस्तेमाल करें। दूसरों के तौलिये, कपड़े, मोजे और जूते-चप्पल का इस्तेमाल न करें। मधुमेह और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग विशेष सावधानी बरतें।

### बिना सलाह स्टेरॉयड वाली क्रीम लगाने से बचें

त्वचा रोग विशेषज्ञों के अनुसार फंगल संक्रमण की पुष्टि के बाद ही एंटीफंगल क्रीम, पाउडर या दवाओं का इस्तेमाल करना चाहिए। बिना सलाह के स्टेरॉयड युक्त क्रीम लगाने से संक्रमण दब सकता है, लेकिन बाद में समस्या गंभीर हो सकती है। चिकित्सकों का कहना है कि समय पर इलाज, साफ-सफाई और त्वचा को सूखा रखकर बरसात में होने वाली अधिकांश त्वचा संबंधी परेशानियों से बचा जा सकता है।

## जिला अस्पताल में ऑर्थोडॉन्टिक्स ओपीडी शुरू, सरकारी दरों पर मिलेगा उपचार

- टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा, दांतों के गैप को कम करने में मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला अस्पताल में दंत चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई। अस्पताल में नई ऑर्थोडॉन्टिक्स ओपीडी का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. कमला वर्मा ने किया। इस नई सुविधा के शुरू होने से अब जिले के लोगों को दांतों की टेढ़ी-मेढ़ी बनावट, जबड़ों की असामान्य स्थिति तथा दंत संरचना से जुड़ी समस्याओं का आधुनिक और विशेषज्ञ उपचार सरकारी दरों पर उपलब्ध होगा। सिविल सर्जन डॉ. कमला वर्मा ने कहा कि जिला नागरिक अस्पताल लगातार मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है। ऑर्थोडॉन्टिक्स ओपीडी के शुरू होने से उन मरीजों को विशेष लाभ मिलेगा जिन्हें दांतों की सीधाई, ब्रेसेज़ के उपचार की आवश्यकता होती है। अब यह सुविधा सरकारी अस्पताल में होने से लोगों को गुणवत्तापूर्ण उपचार कम लागत पर मिलेगा।




### ओपीडी से इन उपचारों की मिलेगी सुविधा

टेढ़े-मेढ़े दाँतों को सीधा करना। दांतों के बीच के गैप को कम या बंद करना। भीड़ वाले (एक-दूसरे पर चढ़े हुए) दांतों को सही क्रम में लाना। दांतों के गलत मिलान (जैसे ओवरबाइट, अंडरबाइट, क्रॉसबाइट, ओपन बाइट) का इलाज। ब्रेसिज लगाना। पारदर्शी एलाइनर से दांतों को सीधा करना। बच्चों और किशोरों में जबड़ों की वृद्धि को सही दिशा देने के लिए विशेष उपकरणों का उपयोग। इलाज पूरा होने के बाद रिटेनर देना, ताकि दांत दोबारा अपनी पुरानी स्थिति में न जाएं।

### ये है ऑर्थोडॉन्टिक्स ओपीडी

ऑर्थोडॉन्टिक्स क्लिनिक वह डेंटल क्लिनिक होता है जहाँ टेढ़े-मेढ़े दाँत, जबड़े की बनावट और दाँतों के सही मिलान से जुड़ी समस्याओं का इलाज किया जाता है।


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
ON ALL MRP 6% OFF
UPTO 80% OFF
MONSOON Sale
25 July to 2 August
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
1LTR
1 LTR
ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
ROHTAK
BAHADURGARH
JHAJJAR
GOHANA
KARNAL
HISAR
PANIPAT
BHIWANI
BUY 1 GET 1 FREE
REAL MASALA JUICE / COCONUT WATER 1LTR — BUY 1 GET 1 FREE
CHIPS — BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850G — BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA CLASSIC (500G) — BUY 1 GET 1 FREE
MCCAIN 1.2KG — BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
XCITE NOODLES (330 g) — BUY 1 GET 1 FREE
BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG — BUY 1 GET 1 FREE
NISHA NAMKEEN SELECTED VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
SATMOLA NAMKEEN — BUY 1 GET 1 FREE
MULBERRY MUFFIN — BUY 1 GET 1 FREE
VANDNAM BHOG SOOJI -MAIDA - DALIYA 500g — BUY 1 GET 1 FREE
YUVAID SHARBAT — BUY 1 GET 1 FREE
TOP / MOTHER PICKLE 950 GM — BUY 1 GET 1 FREE
FRESCA JUICE 1LTR — BUY 1 GET 3 FREE
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
FUNFOOD VEG MAYO SUPERLITE 800GM — BUY 1 GET 1 FREE
MANGO SIP — BUY 1 GET 1 FREE
PRABHAS GHEE — BUY 1 GET 1 FREE
UNIBIC BISCUITS FAMILY PACK — BUY 1 GET 1 FREE
KHADI INDIA ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
PATANJALI TOOTHPASTE 300 GM / 150GM — BUY 1 GET 1 FREE
SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR — BUY 1 GET 1 FREE
VOOM MATIC LIQUID TOP LOAD & FRONT LOAD 2L — BUY 1 GET 1 FREE
ARIEL COMPLETE DETERGENT POWDER 4 KG — BUY 1 GET 1 FREE
K'TRIQ SELECTED VARIANT — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KABULI CHANA 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
DEHAAT MAKHANA — BUY 1 GET 1 FREE
EXO LIQUID DISHWASH GEL - 1.5L — BUY 1 GET 1 FREE
CHINAR MAT Below MRP- ₹400 — STARTING FROM ₹99
TRISHUL 5LTR — BUY 1 GET 1 FREE
IHP PRODUCTS — BUY 1 GET 1 FREE
CLARET / KRESSA / KCO NAPKIN — BUY 1 GET 1 FREE
MANIA JUICE 1.2 LTR — BUY 1 GET 3 FREE
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Pinjore
Abdullapur Rd, opp. Hotel Raunak, Abdullapur, Pinjore, Haryana Contact: +91-76962 97828
Malerkotla
Thandi Sadak, opposite Maharaja Hotel, adjoining Tehsil Complex, Guru Teg Bahadur Colony, Malerkotla Contact: +91-6284 603 391
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Sirhind
Opposite Central Bank of India, Preet Nagar, Fatehgarh Sahib, Sirhind.
Contact: +91-93069 00346
UPCOMING BRANCHES
Mohali
Sirsa
Jind
Narnaul
Ludhiana
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600
Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427
Bhiwani
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240
Panipat
Ground Floor, Mittal Mega Mall, Sector 25 II, Sector 25, Panipat,
Contact: +91-98177 76446
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
Payment Accepted
*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.